लोक सभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

...

नई दिल्ली; 14 अगस्त, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है;

"आप सभी को भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और अनेक शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि भारत का यह राष्ट्रीय पर्व आपके जीवन में राष्ट्र सेवा और राष्ट्र के लिए समर्पित होने की भावना का संचार करे, आपके जीवन में अनेक खुशियां लाए।

मित्रों, स्वतंत्रता दिवस वह पर्व है जब हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान के मनीषियों को याद करते हैं, अपने राष्ट्र-नायकों को स्मरण करते हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होंने एक नए एवं समर्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया।

उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हमारा देश एक मजबूत लोकतान्त्रिक देश के रूप में विश्व के राष्ट्रों में अग्रिम पंक्ति पर है। पिछले 77 वर्षों की लोकतान्त्रिक यात्रा में हमारे देश ने विकास और प्रगति के नए शिखर प्राप्त किए हैं, समाज के सभी वर्गों में खुशहाली आई है। हमारी संसद का नया भवन नए राष्ट्र की आशाओं और आकांक्षाओं का भव्य प्रतीक है।

परंतु मित्रों, आज इस सस्वतंत्रता दिवस के दिन हमें एक संकल्प भी लेना है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद अब हमारे देश के अमृत काल का आरंभ हो रहा है। और इस अमृत काल में हम में से प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक युवा, प्रत्येक नागरिक आज यह संकल्प ले कि हम अपने हर कार्य, अपने हर प्रयास, अपनी हर सोच के केंद्र में राष्ट्र को रखें ताकि अगले 25 वर्षों में जब हम अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहे हों, तो हमारा देश विकसित राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो। आज यह हमारा संकल्प हो।

हम चाहे किसी भी क्षेत्र में हो; चाहे शिक्षक हो, डॉक्टर हो, मजदूर हो, किसान हो, समाज सेवक हो, जनप्रतिनिधि हो या विद्यार्थी हो; हम जो भी कार्य करें, अपने देश को समर्पित करें। हम अपनी उन्नति के साथ देश की प्रगति के लिए भी काम करें।

हमें आजादी के लिए लड़ने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन देश के लिए कुछ करने का अवसर अवश्य मिला है। हम यह संकल्प लें कि हम अपने राष्ट्र के लिए हर दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

आपको स्वतंत्रता दिवस की पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जय हिंद।"